उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार 23 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1925
### ( दिनांक : 13 जून, 2003 )
### समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्

1. प्रश्न (देखिये नत्थी "क")।

2. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

3. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर में दिनेशपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को संयुक्त चिकित्सालय में परिवर्तित करने के सम्बन्ध में" श्री बिरचीपद राय एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित या[illegible] उपस्थित करेंगे।

4. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड द्वाराहाट के अन्तर्गत पारकोट-जाख बैनाली मोटर मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री जशोद सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद अल्मोड़ा द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड गंगोलीहाट के जिला पंचायत पैदल मार्ग गंगोलीहाट-चौरपाल-नागधूणा-रैतोला के नागधूणा-चौरपाल भाग की मरम्मत के सम्बन्ध में" श्री गोपाल दत्त जोशी एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड थौलधार की आठ ग्राम पंचायतों को जनपद उत्तरकाशी में मिलाये जाने के सम्बन्ध में" डा0 राजेन्द्र प्रसाद जोशी एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

...2/....

7. श्री मातबर सिंह कण्डारी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद रूद्रप्रयाग में मयाली रणधार मोटर मार्ग के डामरीकरण के सम्बन्ध में" श्री गिरवीर सिंह रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद रूद्रप्रयाग द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री मातबर सिंह कण्डारी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद रूद्रप्रयाग में तिलवाड़ा सौराखाल मोटर मार्ग के डामरीकरण के सम्बन्ध में" श्री गिरवीर सिंह रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद रूद्रप्रयाग द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग अस्थायी खण्ड घनसाली के अधीन घनसाली-मूलगढ़-ठेला-गण्ड़राखाला मोटर मार्ग के डामरीकरण, सुधारीकरण तथा अवशेष निर्माण के सम्बन्ध में" श्री प्रताप सिंह राणा एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर जसपुर पतरामपुर पो0 ओ0 बड़ीवाला तहसील काशीपुर फाटो ढेला रामनगर मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री आनन्द सिंह अडैलिया एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

12. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

13. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

14. मुख्यमंत्री, हिमगिरी नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

15. मुख्यमंत्री, हिमगिरी नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

16. उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम-315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"**ख**")

17. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

....3/....

18. नियम-103 के अन्तर्गत श्री मातबर सिंह कण्डारी, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण :-

" इस सदन का सुविचारित मत है कि प्रदेश के प्राथमिक पाठशालाओं में मानक के आधार पर अध्यापक/अध्यापिकाओं की नियुक्ति की जाए तथा प्रत्येक विद्यालय में कम से कम दो अध्यापक अनिवार्य रूप से नियुक्त किये जाए।"

19. नियम-103 के अन्तर्गत श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण :-

" इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य में चिकित्सा व्यवस्था सुव्यवस्थित करने के लिए चिकित्सा ढांचे में आमूल परिवर्तन किया जाए।"

20. श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 4 अप्रैल, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"यह सदन संकल्प व्यक्त करता है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में 10 अगस्त, 2002 को दैवी आपदा से क्षतिग्रस्त 52 नहरों के सुधार व मरम्मत कार्य हेतु खेतों की सिंचाई के लिए उपलब्ध तकनीकी आंगणन के अनुसार सिंचाई विभाग, नरेन्द्रनगर द्वितीय खण्ड को 3.00 करोड़ रूपये का आवंटन कर दिया जाय।"

21. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 4 अप्रैल, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल के स्थान सिलोगी या जाखणीखाल में एक महिला पालीटेक्निक की स्थापना की जाय।"

22. श्री काजी निजामुद्दीन, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 4 अप्रैल, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का निश्चित मत है कि औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए कृषि योग्य सिंचित भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाना चाहिए।"

....4/....

23. श्री मातबर सिंह कण्डारी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 4 अप्रैल, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का यह सुविचारित मत है कि प्रदेश के रेलमार्गो की न्यूनता को दृष्टिगत रखते हुए विधान सभा के सदस्यों को अनुमन्य रेलवे ट्रेवल कूपन्स के मूल्य के समतुल्य धनराशि पेट्रोल एवं डीजल के व्यय के लिए नगद भुगतान की व्यवस्था कर दी जाय।"

24. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादूनः**
**दिनांक : 13 जून, 2003**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2003

का प्रथम शुक्रवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 23 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1925
(दिनांक : 13 जून, 2003)

## नत्थी ( क )

### तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>19.5.2003<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>29.5.2003 | *1. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमाऊँ मण्डल एवं गढ़वाल मण्डल के पर्यटक आवास गृहों को सरकार निजी हाथों में सौंपने जा रही है? यदि हाँ, तो अब तक कुल कितने पर्यटक आवास गृह चिन्हित किये गये हैं तथा इनमें कार्यरत कर्मचारियों के बारे में क्या निर्णय लिया गया है? क्या सरकार इनके भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु कोई कार्य योजना बना रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री मदन कौशिक<br>19.5.2003 | *2. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने एवं पर्यटकों से होने वाली आय बढ़ाने के लिए विशेष कार्य योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उसका प्रारूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>17.5.2003 | *3. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर में मंडी समिति गदरपुर की ओर से हल्द्वानी मंडी परिषद द्वारा निर्मित दुर्गापुर बिरंचीपद राय निवास से जगदीशपुर डाम तक निर्मित मार्ग की खस्ता हालत की शिकायत की गयी? इस पर क्या कार्यवाही की गयी? क्या इस कार्यवाही में विभाग/ठेकेदार को दोषी पाया गया? यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई? | कृषि |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>19.5.2003 | *4. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के प्रत्येक जिले में बेस अस्पताल तथा तहसील स्तर पर 50 शैय्या वाले अस्पतालों की स्थापना किये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक निर्णय ले लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>20.5.2003<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>21.5.2003<br>डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>29.5.2003 | *5. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्र सरकार द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की शाखा, देहरादून में खोले जाने हेतु भूमि उपलब्ध करा दी गई है? यदि नहीं, हो तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>21.5.2003 | *6. | क्या पर्यटन मंत्री को जानकारी हे कि उत्तरांचल शासन के शासनादेश संख्या-222प0अ0/156-पर्य/2002, दिनांक 26 मार्च, 2002 द्वारा दुगड्डा-चूनाधारा (पौड़ी) के सौन्दर्यीकरण हेतु नगर पालिका परिषद् दुगड्डा को 7.50 लाख की धनराशि वर्ष, 2001-2002 के लिए आवंटित की गई थीं? यदि हाँ, तो क्या उक्त धनराशि प्रस्तावित कार्य पर व्यय की जा चुकी है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>22.5.2003 | *7. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य के कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एक्स-रे व अल्ट्रासाउण्ड मशीनें उपलब्ध हैं? क्या सरकार राज्य के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एक्स-रे व अल्ट्रासाउण्ड मशीनों की सुविधा उपलब्ध करवाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.5.2003 | *8. | क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल प्रदेश में अवस्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में आपातकालीन सेवा हेतु औषधियों की व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>21.5.2003 | *9. | क्या चिकित्सा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को जनस्वास्थ्य से जोड़ने हेतु क्या कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

## अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>17.5.2003 | 1. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य गठन के बाद अब तक औषधियों के कितने नमूने लिये गये? जिन नमूनों में कमियाँ पायी गयीं उन पर क्या कार्रवाई की गयी? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.5.2003 | 2. | क्या श्रम मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में मनेरी भाली परियोजना में कार्यरत कोस्टल एवं श्रींग कम्पनी के कार्मिकों/मजदूरों को श्रम कानूनों के तहत सुविधायें प्रदान की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री अजय भट्ट<br>19.5.2003 | 3. | क्या पर्यटन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उनके पत्रांक संख्या-1294/1-2-46, दिनांक 16.09.02 द्वारा जो उन्होंने विधायकों से उत्तरांचल के पर्यटन के विकास हेतु सुझाव माँगे थे, पर क्या कार्यवाही हुई? प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक सं0-119/सभा0स0आ0 समिति/8.10.02 को पर्यटन नगरी रानीखेत के बारे में दिये गये सुझावों पर बिन्दुवार क्या कार्यवाही हुई है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>20.5.2003 | 4. | क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल कृषि उत्पादन मण्डी समिति द्वारा गत 5 वर्षों में उत्तरांचल में बनाये गये मार्गों में से कितने मार्गों की गुणवत्ता की जाँच के लिए ग्रामीणों/जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायतें की गई एवं कितनी शिकायतों की जाँच करने पर सही पाया गया तथा उन पर क्या कार्यवाही हुई? क्या दुर्गापुर नं0-2 धिमरी ब्लॉक मार्ग से जगदीशपुर डाम तक बनी मार्ग का निर्माण कृषि उत्पादन मण्डी परिषद हल्द्वानी द्वारा किया गया? क्या इसके विरूद्ध जाँच का कार्य चल रहा है? यदि हाँ, तो जाँच में दोषी विभाग/ठेकेदार पर कोई कार्यवाही हुई? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | कृषि |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>20.5.2003 | 5. | क्या कृषि मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मण्डी परिषद हल्द्वानी द्वारा जनपद नैनीताल के मुक्तेश्वर, धारी, हल्द्वानी व नैनीताल विधान सभा क्षेत्रों में पिछले वित्तीय वर्ष में विधान सभा वार कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी? क्या सभी विधान सभा क्षेत्रों में कार्य करने में समानता रखी गयी है? यदि हाँ, तो कैसे? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>21.5.2003 | 6. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य रक्षालय संस्थान पटवाडांगर नैनीताल में निर्मित जीवन रक्षक औषधि ऐन्टीरेबिक वैक्सीन की विक्रय दर बढ़ाये जाने का कोई प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>21.5.2003 | 7. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नैनीताल स्थित गोविन्द बल्लभ पंत चिकित्सालय (रैमाजे हॉस्पिटल) को आधुनिक सुविधाओं/सेवाओं से युक्त चिकित्सालय बनाने हेतु विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>21.5.2003 | 8. क्या परिवहन मंत्री भिज्ञ हैं कि उत्तरांचल में गत वर्ष किस जनपद में भारी व हल्का वाहन दुर्घटनायें हो चुकी हैं तथा इन दुर्घटनाओं में कुल कितने लोग मारे गये? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन दुर्घटनाओं में मारे गये लोगों के मुआवज़े पर कितनी धनराशि का आवंटन हुआ तथा भविष्य में इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्या कारगर कदम उठाये जा रहे हैं? | परिवहन |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>21.5.2003 | 9. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भटवाड़ी-त्रिजुगी नारायण-केदारनाथ पद यात्रियों के ठहरने हेतु प्रत्येक 15-16 कि0मी0 की दूरी पर रैन बसेरा निर्माण करने हेतु सरकार की कोई कार्य योजना है? क्या मंत्री जी यह भी जानकारी देंगे कि पद यात्रियों की सुविधा हेतु सभी आवश्यक सुविधायें जुटाने का सरकार प्रयास करेगी? | पर्यटन |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>21.5.2003 | 10. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार भटवाड़ी-बूढ़ाकेदार-धुत्तु तिजुगी-नारायण-केदारनाथ पद यात्रा तीर्थयात्रियों को भी चारधाम यात्रा के अन्तर्गत सुविधा देने की कार्य योजना पर विचार कर रही है? | पर्यटन |
| चौ0 यशवीर सिंह<br>21.5.2003 | 11. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत रूड़की व मंगलौर, मंडी परिषद, को वित्तीय वर्ष 2002-2003 में कितनी आय हुई है और यह आय कहाँ-कहाँ खर्च की गयी? मंडी परिषद द्वारा क्या-क्या विकास कार्य कराये गये? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>21.5.2003 | 12. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के रूड़की शहर में ट्रान्सपोर्ट नगर बनाये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री सुरेश चन्द्र जैन<br>21.5.2003 | 13. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के रूड़की शहर के बस स्टैण्ड को अन्यत्र स्थानांतरित किये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>21.5.2003 | 14. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय दोणी, बलाड़ी (मोटी) तथा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रामगढ़ी के उत्तरकाशी के चिकित्साधिकारियों को क्रमशः देहरादून तथा हरिद्वार से सम्बद्ध किये जाने का क्या औचित्य है? क्या यह भी सही है कि सीमान्त जनपदों से इस प्रकार मैदानी क्षेत्रों से सम्बद्ध किये गए चिकित्साधिकारियों को सीमान्त भत्ते का भी भुगतान किया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>21.5.2003 | 15. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय मार्गों पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने कोई योजना बनायी है, यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>22.5.2003 | 16. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य रक्षालय संस्थान पटवाडांगर, जिला नैनीताल द्वारा निर्मित ए.आर.वी. की आपूर्ति उत्तर प्रदेश को रू0 1,32,50,932.00 की विक्रय की गई है? यदि हाँ, तो क्या उक्त धनराशि में सम्मिलित 4% सी.एस.टी. का भुगतान कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>22.5.2003 | 17. क्या सैनिक कल्याण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में कितने कारगिल शहीदों के परिजनों को गैस एजेन्सी एवं कैरोसीन एजेन्सी आवंटित की गई हैं? क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा उक्त एजेन्सियों की स्थापना हेतु भूमि उपलब्ध न करवाये जाने से केन्द्र सरकार द्वारा उक्त परिवारों को एजेन्सियाँ आवंटित नहीं की जा सकी हैं? | सैनिक कल्याण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>22.5.2003 | 18. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के क्यारखी बुग्याल, सहस्रताल, देवा बुग्याल का निजी उद्यमियों के सहयोग से पर्यटन विकास परिषद द्वारा मास्टर प्लान तैयार किये जाने का कार्य योजना शासन के विचाराधीन है? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>22.5.2003 | 19. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तित किये जाने की कोई योजना शासन के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>22.5.2003 | 20. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग से तिलवाड़ा में पौलीटेक्निक कॉलेज खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनपद रूद्रप्रयाग के तिलवाड़ा नामक स्थान में राजकीय पौलीटेक्निक कॉलेज खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>23.5.2003 | 21. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास निधि फार्म पत्थरचट्टा, उधमसिंह नगर में कितने कर्मचारियों की अपने सेवा काल के अन्दर असामयिक मृत्यु हुई एवं कितने मृतक आश्रितों को सरकार ने नौकरी दी? यदि नहीं, तो क्यों? | सैनिक कल्याण |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>23.5.2003 | 22. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गो0ब0पंत कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय पंतनगर उधमसिंह नगर में कितने कर्मचारियों का अपने सेवा काल के दौरान असामयिक मृत्यु हुई एवं कितने मृतक आश्रितों को सरकार द्वारा विश्वविद्यालय पंतनगर में नौकरी दी? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>23.5.2003 | 23. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में किन-किन स्वास्थ्य केन्द्रों के उच्चीकरण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>19.5.2003 | 24. क्या श्रम मंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल के राजकीय इण्टर कॉलेज सिलोंगी में विगत कई वर्षों से निर्मित मिनी आई. टी.आई. भवन में तकनीकी शिक्षा की कक्षाऐं प्रारम्भ न होने के क्या कारण है? क्या सरकार द्वारा वर्तमान शिक्षा सत्र में वहाँ तकनीकी शिक्षा की कक्षाऐं प्रारम्भ की जायेगी तथा क्या व्यवसायिक शिक्षा को भी एक विषय के रूप में लेने का प्रकरण विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रथम मंगल के अता.56 में स्था. |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>20.5.2003 | 25. क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि भूमि संरक्षण विभाग की कितनी इकाइयाँ उत्तरांचल में कार्यरत हैं? जनपद उधमसिंह नगर में क्या कोई इकाई कार्यरत है? इसका कार्यक्षेत्र क्या है? | कृषि |

# नत्थी "ख"

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 12 जून, 2003 की बैठक में दिनांक 13 जून, 2003 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :-**

जून, 2003

13 शुक्रवार

1- हिमगिरी नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई) विधेयक, 2003 का पुरःस्थापन।

2- (क) श्री बलवीर सिंह नेगी द्वारा दिनांक 4 अप्रैल, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चाः -

"यह सदन संकल्प व्यक्त करता है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में 10 अगस्त, 2002 को दैवी आपदा से क्षतिग्रस्त 52 नहरों के सुधार व मरम्मत कार्य हेतु खेतों की सिंचाई के लिए उपलब्ध तकनीकी आंगणन के अनुसार सिंचाई विभाग, नरेन्द्रनगर द्वितीय खण्ड को 3.00 करोड़ रूपये का आवंटन कर दिया जाय।"

(ख) श्रीमती विजय बड़थ्वाल द्वारा दिनांक 4 अप्रैल, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल के स्थान सिलोगी या जाखणीखाल में एक महिला पालीटेक्निक की स्थापना की जाय।"

(ग) काजी निजामुद्दीन द्वारा दिनांक 4 अप्रैल, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा :-

"इस सदन का निश्चित मत है कि औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए कृषि योग्य सिंचित भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाना चाहिए।"

(घ) श्री मातबर सिंह कण्डारी द्वारा दिनांक 4 अप्रैल, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित असरकारी संकल्प पर चर्चा :-

"इस सदन का यह सुविचारित मत है कि प्रदेश के रेलमार्गो की न्यूनता को दृष्टिगत रखते हुए विधान सभा के सदस्यों को अनुमन्य रेलवे ट्रेवल कूपन्स के मूल्य के समतुल्य धनराशि पेट्रोल एवं डीजल के व्यय के लिए नगद भुगतान की व्यवस्था कर दी जाय।"

....2/....

3- नियम-103 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

(क) श्री मातबर सिंह कण्डारी-" इस सदन का सुविचारित मत है कि प्रदेश के प्राथमिक पाठशालाओं में मानक के आधार पर अध्यापक/अध्यापिकाओं की नियुक्ति की जाए तथा प्रत्येक विद्यालय में कम से कम दो अध्यापक अनिवार्य रूप से नियुक्त किये जाए।"

(ख) श्री प्रकाश पन्त -" इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य में चिकित्सा व्यवस्था सुव्यवस्थित करने के लिए चिकित्सा ढांचे में आमूल परिवर्तन किया जाए।"